कोरोना योद्धाओं को बांटे मास्क-सैनिटाइजर

संवाद न्यूज एजेंसी

जायस। अमेठी जिले में बहादुरपुर स्थित राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी) कोरोना योद्धाओं की मदद के लिए आगे आया है। संस्थान ने गुरुवार को क्षेत्र के डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं पुलिस को कोरोना से बचाव के लिए मास्क एवं सैनिटाइजर बांटा। साथ ही आम लोगों को जागरूक करने के लिए कोरोना योद्धाओं को पोस्टर भी उपलब्ध कराए।

आरजीआईपीटी ने पुलिस, डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों की मदद की

आरजीआईपीटी ने बहादुरपुर पुलिस चौकी, जायस कोतवाली, फुरसतगंज थाने के अलावा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के लिए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को 45 लीटर हैंड सैनिटाइजर एवं 800 मास्क उपलब्ध कराए। संस्थान के निदेशक आचार्य अखौरी सुधीर कुमार सिन्हा ने कहा कि आरजीआईपीटी संवेदनशील शैक्षणिक संस्थान है और हम इस राष्ट्रीय आपदा के समय में जनता की मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी प्रतिबद्धता पर कार्य करते हुए संस्थान ने क्षेत्र के कोरोना योद्धाओं जैसे डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मियों, पुलिस कर्मियों, पत्रकारों को कोरोना से बचाव के लिए अपनी लैब में बने मास्क और हैंड सैनिटाइजर बांटे। उन्होंने बताया कि इसके पहले भी संस्थान ने 29 मार्च से 14 अप्रैल तक प्रतिदिन खाने के 1200 पैकेट जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए, ताकि जरूरतमंदों एवं गरीबों को वितरित किए जा सकें। इस अवसर पर संस्थान के अधिष्ठाता डॉ. उमा प्रसन्न ओझा, कुलसचिव जितेंद्र प्रसाद, सहायक सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा, अंकित पचौरी आदि मौजूद रहे।

अमेठी जिले में जायस स्थित राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान में गुरुवार को बनाए गए सैनिटाइजर को फुरसतगंज थाना पुलिस को प्रयोग के लिए दिया गया।